# आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में निर्देश तथा नियमावली

शासनादेशानुसार इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत वे सभी राजपत्रित कर्मचारियों के साथ–साथ निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारी भी सम्मिलित हो सकते हैं जिन्होंने हाईस्कूल अथवा समकक्ष या कोई उच्चतर परीक्षा उर्दू विषय न लेकर उत्तीर्ण किया हो और न किसी स्तर की उर्दू परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इस परीक्षा में पूर्व में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो गए परीक्षार्थी पुनः इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे अंकित है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को एक आवेदन–पत्र फोटो लगाकर भरने हैं और वह भरा हुआ आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर सीधे सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0, एलनगंज प्रयागराज को दिनांक 10.12.2019 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ में दो–दो लिफाफे अपने स्वयं के पते लिखकर अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्राप्त होने पर तुरंत परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश पत्र आपके पास भेजा जाएगा। परीक्षा प्रदेश के निम्नलिखित चार केंद्रों पर आयोजित होगी। अभ्यार्थी जिस केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हो, निर्धारित स्थानों पर केंद्र का नाम अवश्य अंकित करें।

**केंद्र का नाम :** (1) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज
(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ
(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

**लिखित परीक्षा कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| शुक्रवार 27 दिसंबर 2019 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, |
| शुक्रवार 27 दिसंबर 2019 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 2 बजे से 4 बजे तक |
| शनिवार 28 दिसंबर 2019 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से, |

इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण करने वालों को क्रमशः 1400, 1000 व 800 का पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र दिये जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त परीक्षा स्थल पर जाने तथा आने का नियमानुसार यात्रा भत्ता भी संबंधित विभाग द्वारा देय है। राजाज्ञा सं0 1724/ चालीस–रा. एकी. 15.06.77 दिनांक 26 जुलाई 1976 तथा राजाज्ञा सं. 27/इक्कीस–उर्दू–2–2019 (48/2011) दिनांक 01 अक्टूबर 2019 के अंतर्गत इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी की गोपनीय चरित्र पंजिका में उपर्युक्त प्रमाण–पत्र का अभिलेख भी रखा जाएगा।

**पाठ्य–क्रम**

लिखित परीक्षा

प्रथम प्रश्न–पत्र — समय 3 घंटे

1. अनुवाद उर्दू से अंग्रेजी/हिंदी ........ 15 अंक
2. अनुवाद अंग्रेजी/हिंदी से उर्दू में ........ 15 अंक
3. उर्दू भाषा के गद्य तथा पद खंड को साधारण उर्दू भाषा में लिखना ........ 40 अंक
4. अंग्रेजी के प्रशासनिक शब्दों का उर्दू में अनुवाद ........ 10 अंक
5. सामान्य उर्दू कहावतों का वाक्यों में प्रयोग ........ 20 अंक

योग 100 अंक

द्वितीय प्रश्न–पत्र — समय 2 घंटे

1. उर्दू में लेख ........ 50 अंक

मौखिक परीक्षा (अ) उर्दू में छपा हुआ या साइक्लोस्टाइल किया हुआ या हस्तलिखित गद्य खंड का पढ़ना ........ 30 अंक

(ब) परीक्षक के साथ उर्दू में वार्तालाप करना ........ 20 अंक — 50 अंक

योग 100 अंक

महायोग 200 अंक

**टिप्पणी–**अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए सुझाव है कि परीक्षा के लिए तैयारी करने के उद्देश्य से जो पुस्तक हाईस्कूल के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित है उसका अध्ययन कर लें।

सचिव

परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

---

**परीक्षा कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| शुक्रवार 27 दिसंबर 2019 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, |
| शुक्रवार 27 दिसंबर 2019 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 2 बजे से 4 बजे तक |
| शनिवार 28 दिसंबर 2019 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से |

प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के लिए

# हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2019–20 का आवेदन पत्र

(अभ्यर्थी इस आवेदन पत्र को अपनी हस्तलिपि में भरें)
(नोट–हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा की पिछली परीक्षाओं में जो अभ्यर्थी सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो चुके हैं वह इसमें सम्मिलित नहीं हो सकते।)

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं।

सेवा में,
सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
अनुक्रमांक..........................................(सचिव कार्यालय में भरा जाएगा।)

महोदय,

निवेदन है कि मैं हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2019–20 में सम्मिलित होना चाहता हूं। इस परीक्षा में बैठने के लिए शासन द्वारा जो भी बंधन एवं शर्तें पीछे मुद्रित हैं, उनकी मुझे जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र हूँ। अतः अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

मेरा अन्य विवरण इस प्रकार है–

1. पूरा नाम (हिंदी में) (स्वच्छ लिपि में)________________

   (उर्दू में)________________
2. पिता का नाम हिंदी में________________

   (उर्दू में)________________
3. शैक्षिक योग्यता ________________
4. पद ________________
5. राजपत्रित/अराजपत्रित अथवा निगम अथवा स्थानीय निकाय कर्मचारी________________
6. कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं________________

   ________________
7. तिथि जब से कार्य कर रहे हैं________________
8. परीक्षा केंद्र का नाम जहां से परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है________________
   (केंद्र का नाम पीछे मुद्रित है)

हस्ताक्षर अभ्यर्थी (हिंदी में) ________________

**अग्रसारण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) का प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि..........................................................................इस कार्यालय में कार्यरत है और इनके द्वारा पूरित विवरण मेरी जानकारी में सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।
दिनांक : कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर..................................................

पद की स्पष्ट मुहर

---

## हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2019–2020

## प्रवेश पत्र

अनुक्रमांक________________ (सचिव कार्यालय में भरा जाएगा)

अभ्यार्थी का नाम________________

कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं________________

परीक्षा केंद्र का नाम________________

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं।

हस्ताक्षर केंद्र व्यवस्थापक
केंद्र की मुहर

(कार्यक्रम पीछे मुद्रित है)